राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 12.02.2021

आयोग द्वारा सहायक वन संरक्षक एवं फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर ग्रेड–I (वन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2018 का आयोजन दिनांक 18.02.2021 से 20.02.2021 तक व दिनांक 22.02.2021 से 26.02.2021 तक राजस्थान राज्य के समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है। **उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।**

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से 01 घण्टा 30 मिनट (डेढ़ घण्टे) पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

अभ्यर्थी प्रत्येक ऐच्छिक विषय हेतु अलग–अलग प्रवेश–पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें एवं परीक्षा केन्द्र पर मास्क लगाकर उपस्थित होवें।

(शुभम चौधरी)
सचिव